# बंद पड़े हैंडपंपों को सुधारने के निर्देश

## ग्रीष्म ऋतु के दौरान निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विधायक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अप्रैल. नरयावली विधानसभा क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु के दौरान निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई.**

बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु आगामी महीनों में पेयजल की बढ़ती मांग और वर्तमान जल संरचनाओं की कार्यक्षमता रहा. विधायक श्री लारिया ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा अनुरूप हर ग्रामीण और शहरी परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है.



विधायक श्री लारिया ने बैठक में उपस्थित पीएचई, जल निगम और एमपीयूडीसी के अधिकारियों से वर्तमान परियोजनाओं की प्रगति जानी. उन्होंने निर्देश दिए कि बंद पड़े हैंडपंपों को तत्काल प्रभाव से सुधारा जाए और पाइपलाइन लीकेज की निगरानी बढ़ा दी जाए, बैठक में उन्होने कहा जिन क्षेत्रों में जल स्तर गिरने की संभावना है, वहाँ आवश्यकतानुसार टैंकरों परिवहन के माध्यम से जल वितरण की कार्ययोजना पहले से तैयार रखी जाए.

### मॉनिटरिंग स्वयं करने के निर्देश दिए गए

समीक्षा बैठक मे मकरोनिया, कर्रापुर और जनपद पंचायत सागर व राहतगढ़ के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की स्वच्छता और सुचारू वितरण की मॉनिटरिंग स्वयं करने के निर्देश दिए गए. बैठक के दौरान विधायक श्री लारिया ने केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजनाओं की प्रामाणिकता और उनके लाभ पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन यह योजना हर घर जल के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, इसका मुख्य उद्देश्य केवल पाइपलाइन बिछाना नहीं, बल्कि 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना है. बैठक में मौजूद एसडीएम अमन मिश्रा ने विधायक द्वारा दिए गए सुझावों और निर्देशों पर त्वरित अमल की बात कही. उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया. एसडीएम ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी क्षेत्र में तकनीकी खराबी के कारण जल प्रदाय बाधित न हो.

# हर घर में शिक्षा का दीप जले, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे : मंत्री श्री राजपूत

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अप्रैल. हर घर में शिक्षा का दीप जले, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे एवं शिक्षा वह प्रकाश है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर करती है.**

उक्त विचार खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सांदीपनि विद्यालय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किए. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि शिक्षा वह प्रकाश है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर करती है, जब कोई बच्चा पहली बार विद्यालय की दहलीज पर कदम रखता है, तो वह केवल स्कूल में प्रवेश नहीं करता, बल्कि वह ज्ञान, संस्कार और आत्मनिर्भरता की दुनिया में प्रवेश करता है. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रवेश उत्सव के माध्यम से हम सभी यह संकल्प लें कि शिक्षा का दीप हर घर में जले और कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग शत्रुंजय प्रताप सिंह बिशेन ने कहा कि संदीपनी विद्यालय के माध्यम से अत्यधिक सर्व सुविधा युक्त शिक्षा प्रदान की जा रही है. डीईओ अरविंद जैन कहा कि अच्छी से अच्छी शिक्षा देने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है. इस असवर पर प्राचार्य विनय दुबे ने स्वागत भाषण दिया. संचालन रचना तिवारी, आभार गिरीश मिश्रा ने माना. इस अवसर पर पार्षद रुपेश यादव, पप्पू फुसकेले, सिटी मजिस्ट्रेट गगन बिसेन, भोपाल संयुक्त संचालक प्राचीश जैन, गिरीश मिश्रा, अनिरुद्ध डीम्हा, देवेंद्र चौबे यशोवर्धन चौबे, यूबीएस गौर आदि मौजूद थे.



# यात्री बस का पंजीयन निरस्त

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अप्रैल. आरटीओ द्वारा 47 यात्री बसों के स्थायी परमिट निरस्त किए गए हैं. साथ ही एक यात्री बस का पंजीयन भी निरस्त कर दिया गया है.**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि 15 वर्ष पूर्ण कर चुकी 47 यात्री बसों को स्टैज कैरिज के स्थायी अनुज्ञापत्रों से रिप्लेस कराने हेतु परिवहन विभाग से सूची जारी की गई थी. उक्त सूची के आधार पर ऐसी यात्री बसों के अनुज्ञापत्रधारियों को रिप्लेस कराने हेतु नोटिस जारी किये गये थे. प्रकाशित सूचना में समय रिप्लेसमेंट के लिए दिया गया था. किन्तु 47 अनुज्ञापत्रधारकों द्वारा नवीन वाहन के मॉडल को रिप्लेस नहीं कराया गया, जिस पर कार्यवाही करते हुए क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, सागर द्वारा शेष 47 अनुज्ञापत्रधारकों को आदेश जारी करते हुए उनके प्रदत्त स्थायी अनुज्ञापत्रों को निरस्त कर दिया गया है. यदि उक्त वाहन संचालित पाये जाते है, तो उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी. 15 वर्ष से अधिक पुरानी यात्री वाहनों का पंजीयन निरस्त करते हुए स्क्रेप करने का आदेश जारी किया है.

### आज होगा अभिषेक

**सागर.** भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल गुरुवार को श्री देव डूठाबली हनुमान जी को गंगा नर्मदा सरजू विभिन्न नदियों के जल से एवं दूध दही शहद आदि से अभिषेक किया जाएगा. भगवान को सिंदूर अर्पण कर 6 किलो चांदी की पोशाक संतोष सोनी मारुति द्वारा अर्पण कर श्रृंगार किया जाएगा. महाभोग एवं 1100 दीपों से महाआरती शाम 8 बजे की जाएगी. राम मारुती धाम मंदिर लहदरा नाका भोपाल रोड स्थित मे पिता केसरी मां अंजनी देवी एवं 21 फुट के बड़े हनुमान जी की पूजन अर्चना कर अंजनी माता को गुड विश्व आर के लड्डू आदि भोग लगाकर 1100 दीपों से महा आरती होगी.

# रासेयो शिविर के समापन पर विभिन्न कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अप्रैल. राष्ट्रीय सेवा योजना बीटीआईआरटी द्वारा आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के समापन गोद ग्राम बम्होरी बीका में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ.**

प्रातः प्रभात फेरी के साथ हुई, जिसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा योग अभ्यास किया गया. इसके बाद नाश्ते का आयोजन किया गया, तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक दिन के कार्यक्रमों की तैयारियों में जुट गए. इसके अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. आर.सी. प्रजापति डॉ. तरुण कुमार सिंह, डॉ. जयंत दुबे, शेख शाहिद, समर्थ जैन, धर्मेन्द्र पटेल, भूपेन्द्र नामदेव एवं रूपेश प्रजापति की उपस्थिति रही. संचालन माहिमा जैन द्वारा किया गया. इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन संतोष जैन घड़ी एवं डॉ. सत्येन्द्र जैन ने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया. प्रमाण पत्र वितरण के पश्चात कार्यक्रम का क्रम आगे बढ़ाते हुए सुंदरकांड पाठ एवं भर्ता-बाटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था.







# भजन गायन प्रतियोगिता संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अप्रैल. अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद, मरु देवी संभाग वर्धमान शाखा मकरोनिया द्वारा आरती एवं भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया.**

कार्यक्रम में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष आशा जैन, केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ राज लक्ष्मी बामोरिया एवं श्रीमती विद्या जैन संभागीय अध्यक्ष शिवानी जैन सिंघई , डॉ राजुल सिंघई, डॉ रीता जैन उपस्थित रही.

पाठशाला के बच्चों द्वारा भगवान महावीर के जीवन और सिद्धांतों पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई. इस दौरान विभिन्न महिला मंडलियों ने अपनी-अपनी टोलियों के साथ भजनों की प्रस्तुति दी गई.

# मजदूरों का प्राइवेट कंपनियों के खिलाफ प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**बीना 1 अप्रैल. रिफाइनरी गेट पर मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ शोषण के आरोप लगाए है.**

जानकारी के अनुसार रिफाइनरी गेट पर रिफाइनरी विस्तार को लेकर प्राइवेट कंपनियों द्वारा निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं जिसमें मजदूर ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की. उन्होंने कहा कि हम लोगों से 8 घंटे की ड्यूटी की जगह 12 घंटे काम लिया जाता है जबकि सरकार द्वारा निर्धारित 8 घंटे का नियम है, समय पर वेतन न देना यह कंपनियों का कार्य बन चुका है. मजदूरों का कहना है की श्रम विभाग की सुस्त चाल के कारण प्राइवेट कंपनियों के हौसले बुलंद है जिसके चलते मजदूरों का लगातार शोषण हो रहा है. शासन और प्रशासन को चाहिए कि वह इस और ध्यान दें अन्यथा मजदूर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. पार्षद बीडी रजक ने बताया कि वीआरसी कंपनी एवं अन्य कंपनी प्राइवेट कंपनी द्वारा मजदूरों का शोषण किया जा रहा है केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार द्वारा 8 घंटे की ड्यूटी निश्चित की गई किंतु इसे 12 घंटे काम करवाया जा रहा है अतिरिक्त वेतन नहीं दिया जाता है.





# जन्मजयंती पर किया गया स्मरण

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अप्रैल. पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव की 80 वीं जन्मजयंती पर कांग्रेस सेवादल ने उन्हे स्मरण किया.**

इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बताया कि स्व. यादव का संपूर्ण जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान, न्याय और समानता के लिए समर्पित रहा. सहकारिता आंदोलन को मजबूती देने और किसानों के हक की लड़ाई लड़ने में आपका योगदान अविस्मरणीय है. इस दौरान रामगोपाल यादव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, रवि जैन, अन्नू घोषी, पकंज सोनी, राकेश जैन, आकाश नामदेव मौजूद थे.

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अप्रैल. पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस और बिजली की लगातार बढ़ती कीमतों, अनियमित आपूर्ति और उत्पन्न हो रही किल्लत के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर केंट व युवा कांग्रेस नरयावली विधानसभा के तत्वाधान में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया.**

सदर कबूला पुल स्थित शनि देव मंदिर के समीप पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी की अगवाई में हाथों में खाली सिलेंडर और तिरंगे झंडे लेकर प्रदर्शन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा.



पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने कहा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धियों और विदेश नीतियों का बखान करनें वाली भाजपा सरकार में आमजन परेशान हैं और आम जनता पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत और लगातार बढ़ती कीमतों से आर्थिक बोझ के तले दबने को मजबूर है. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि उमाहिया ने कहा कि सरकार ईधन प्रबंधन और कालाबाजारी रोकने में नाकाम साबित हुई. इस दौरान युवा कांग्रेस नरयावली विस अध्यक्ष रोहित वर्मा, युकां जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी, निखिल चौकसे, समीर मकरानी, राहुल कुशवाहा, साहित्य पांडेय ने संबोधित किया.



# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 1 अप्रैल. सांदीपनि सीएम राइज विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान के तहत नए सत्र में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह राजपूत ने कहा कि बच्चे नियमित स्कूल आएं और शासन की योजना का लाभ लेकर लक्ष्य के साथ अध्ययन कार्य करें. इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. साथ ही छात्र-छात्राओं को निशुल्क साईकिल व पुस्तकें वितरित की गई. प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रियंक तिवारी, सुरेंद्र रघुवंशी, जहीर कुरैशी, अमित राय, आयुष श्रीवास्तव, प्रवीण गोस्वामी, संजना जैन, अजीत यादव, पूरनसिंह लोधी, संदीप शुक्ला अनुराग चौरसिया, चंद्रेश राजपूत विक्रम राय, आनंद साहू, बीईओ मोनिश कार्लो, बीआरसी जगदीश पटेल प्राचार्य सुरेश पटेल, विनोद ताम्रकार, नवीन राय, सनातन तिवारी, मुकेश मिश्रा, मनीष सेन नीरज मिश्रा, रामेश्वर लोधी, आदित्य श्रीवास्तव मौजूद थे.

### मंदिर सुबह 7 से रात्रि 11 बजे तक खुला रहेगा

**सागर.** अंजनीपुत्र वीर हनुमान जी के प्रकटोत्सव के पुण्य पर्व पर 2 अप्रैल को शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी का मंदिर सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रातः 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक दर्शन-पूजन हेतु खुला रहेगा. इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया है और पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रकटोत्सव के तहत विशेष पूजन-अर्चन, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड, प्रसादी वितरण एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा. सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाएगा, जो भगवान हनुमान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे.

# रेल यात्रियों के लिए प्याऊ का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अप्रैल. श्री राम सेवा समिति सागर द्वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर रेल यात्रियों के लिए ठंडे जल की व्यवस्था प्याऊ का शुभारंभ किया गया.**

यह समिति द्वारा की जा रही जल सेवा का 28 वां वर्ष है. उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर जी ने की. मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लक्ष्मीनारायण यादव एवं विशिष्ट अतिथि में रमाकांत यादव, श्री सुरेश राजोरे, डॉ. कविता मुन्ना शुक्ला, स्टेशन मैनेजर व्हीके कृपलानी उपस्थित रहे. शुभारंभ के वाद अटल फाऊंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की भतीजी श्रीमति माला वाजपेई तिवारी के अभिनंदन पत्र का वाचन आरके तिवारी ने किया. अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष डॉ विनोद तिवारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों बालकृष्ण अग्रवाल प्रेम नारायण विश्वकर्मा, मोतीलाल सचदेव, डीपी बैद्य ने किया. समिति के अध्यक्ष डॉ विनोद तिवारी ने पिछले वर्ष का आय व्यय व्यव प्रस्तुत किया. डा. आशीष द्विवेदी ने भी प्रशंसा की. इस अवसर सभी ने समिति के जल सेवा की सराहना की.




रघु ठाकुर ने कहा कि श्रीराम सेवा समिति सिर्फ स्टेशन तक ही सीमित ना होकर सारे शहर मे किये जाने वाले कार्यों मे भी सहयोगी रहती है. संचालन डॉ. नलिन निर्मल जैन ने किया एवं आभार रमाकांत मिश्रा शास्त्री ने माना. कार्यक्रम में दीपक कुशवाहा गजाधर सागर, डॉ. श्याम मनोहर सीरोठिया, टीकाराम त्रिपाठी, रशीद भाईजान डॉ. शरद सिंह, ममता भूरिया मौजूद थीं.



# निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण

नवभारत न्यूज

**रहली 1 अप्रैल. नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ होते ही स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए. शिक्षकों ने विद्यार्थियों का स्वागत कर विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण शासकीय योजना के तहत किया गया.**

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कैलवांस के प्रधानाध्यापक अमित यादव द्वारा विद्यार्थियों को अपनी ओर से शैक्षणिक सामग्री, बैग, बॉटल, कॉपी, रजिस्टर, पेन, स्लेट का वितरण किया गया. सत्र से पहले ही कक्षा एक से आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों को वितरित करने शैक्षणिक सामग्री खरीदकर स्कूल में रखवा ली थी.

दरअसल श्री यादव शैक्षणिक सामग्री का वितरण पिछले सात सालों से कर रहे हैं.आठवें वर्ष शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया इसके पहले वे दो बार कैलवांस में ही तथा पांच बार इमलिया ग्राम में पदस्थ रहते शैक्षणिक सामग्री का वितरण कर चुके हैं.

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 1 अप्रैल.जनपद के विकासखंड बार स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय वस्त्रावन में बुधवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण, कक्षा 8 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह तथा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थियों का परीक्षाफल घोषित कर उन्हें अंकपत्र प्रदान किए गए. कक्षा 6 में 37 नवप्रवेशी बच्चों का नामांकन कराया गया. विद्यालय परिसर में आयोजित वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मीना कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि एआरपी विशाल नायक रहे. कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत किए. कक्षा 8 प्रथम प्रतीक्षा सेन, द्वितीय अनुशी विश्वकर्मा, तृतीय गुड्डू अहिरवार, कक्षा 7 में प्रथम चाहत विश्वकर्मा, द्वितीय पूनम विश्वकर्मा, तृतीय राधिका रजक, कक्षा 6 में प्रथम आयुषी झा, द्वितीय दिव्यांश साहू, तृतीय प्रियांशी कुशवाहा रहे. कक्षा 8 में सांत्वना पुरस्कार आरवी राजा, हिमांशी, महक विश्वकर्मा, चाहत कुशवाहा रहीं.




# दिव्यांग व्यक्ति से 30 हजार रुपये मांगने की हुई शिकायत

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 1 अप्रैल. जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय में अभद्र व्यवहार और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं.**

आजादपुरा नई बस्ती निवासी दिव्यांग व्यक्ति ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि उससे कार्य कराने के नाम पर 30 हजार रुपये की अवैध मांग की गई और पैसे न देने पर उसकी किस्त रोक दी गई. आजादपुरा नई बस्ती निवासी शिवशंकर कुशवाहा पुत्र प्रेमनारायण कुशवाहा के अनुसार वह अपने वैध कार्य के संबंध में डूडा कार्यालय पहुंचा था. इस दौरान वहां मौजूद दलाल रोहित सेन एवं कर्मचारी रामनंदन सेन द्वारा उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए कार्यालय से बाहर जाने को कहा गया. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित कर्मियों द्वारा कार्य कराने के नाम पर 30 हजार रुपये की मांग की गई.

# जैन मिलन का महामासिक मिलन हुआ संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 1 अप्रैल. भारतीय जैन मिलन शाखा मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 का महामासिक मिलन सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन मकरोनिया के सानिध्य में अंकुर कॉलोनी मकरोनिया में आयोजित किया गया.**

मुख्य अतिथि अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष क्षेत्र क्रमांक 10 थे एवं विशिष्ट अतिथि अशोक जैन पटवारी अध्यक्ष श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सह मुख्य संयोजक जैन मिलन थे. जैन मिलन मकरोनिया की वर्तमान एवं नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों का भी सम्मान किया गया. डा.अरविंद जैन प्राचार्य एवं जिनेश जैन बहरोल क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने मासिक मिलन के उद्देश्यों पर विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर मुख्य संयोजक अशोक पटवारी, अमरचंद जैन, नवीन जैन, दिनेश जैन कर्रापुर, एमसी जैन, आकाश बजाज , जिनेश जैन, सुकमाल जैन नैनधरा, तपोवन तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष श्री पवन कुमार, पीसी जैन, संतोष गढ़ाकोटा, संजय शक्कर, प्रो. श्री अरविंद जैन, राजेश जैन, निशिकांत सिंघई, शांत कुमार, अजित जैन, वीरेंद्र जैन, मोनू जैन अरविंद जैन, हेमचंद्र जैन, संजीव जैन आदि मौजूद थे.

